दैनिक सवेरा टाइम्स
आंधी से उजाले की ओर...

# डीएलएड की 719 सीटों के लिए आज चौथे चरण की काउंसलिंग

**सवेरा ब्यूरो शिमला:** हिमाचल प्रदेश में दो वर्षीय डिप्लोमा इन एलीमेंट्री एजुकेशन (डीएलएड) के शैक्षणिक सत्र 2026-28 में प्रवेश के लिए आज 22 अक्तूबर को चौथे चरण की काउंसलिंग होगी। हिमाचल प्रदेश स्कूल शिक्षा बोर्ड धर्मशाला में आयोजित होने वाली इस प्रक्रिया के माध्यम से निजी मान्यता प्राप्त शिक्षक प्रशिक्षण संस्थानों में खाली पड़ी 719 सीटों को भरने का प्रयास किया जाएगा। बोर्ड ने काउंसलिंग के लिए 19 अक्तूबर को विस्तृत दिशा-निर्देश, अभ्यर्थियों की तिथिवार सूची, रोस्टर, बायोडाटा फॉर्म और आवश्यक प्रमाणपत्रों के प्रारूप जारी किए थे। अभ्यर्थियों को निर्धारित कार्यक्रम के अनुसार काउंसलिंग में भाग लेना होगा। चौथे चरण की काउंसलिंग का उद्देश्य प्रवेश प्रक्रिया के पिछले चरणों के बाद रिक्त रह गई सीटों को भरना है। इसके तहत पात्र अभ्यर्थियों को निजी शिक्षक प्रशिक्षण संस्थानों में प्रवेश का अवसर मिलेगा। सीटों का आवंटन बोर्ड के निर्धारित नियमों, पात्रता और उपलब्ध सीटों के आधार पर किया जाएगा। डीएलएड प्राथमिक स्तर पर शिक्षक बनने की दिशा में महत्वपूर्ण व्यावसायिक प्रशिक्षण पाठ्यक्रम है। ऐसे में इस चरण की काउंसलिंग से उन अभ्यर्थियों को एक और अवसर मिलेगा, जिन्हें पहले के चरणों में प्रवेश नहीं मिल पाया था।

दैनिक सवेरा टाइम्स
अंधेरे से उजाले की ओर...

# नौवीं-दसवीं के विद्यार्थियों को राहत, 16 नवंबर तक होगा पंजीकरण

## 500 रुपए विलंब शुल्क के साथ मिलेगा मौका, 17 से 25 नवंबर तक फॉर्म में सुधार कर सकेंगे स्कूल

सवेरा ब्यूरो

शिमला, 21 अक्तूबरः हिमाचल प्रदेश स्कूल शिक्षा बोर्ड ने शैक्षणिक सत्र 2026-27 के लिए नौवीं और दसवीं कक्षा के विद्यार्थियों को पंजीकरण का एक और मौका दिया है। बोर्ड ने पंजीकरण की अंतिम तिथि बढ़ाकर 16 नवंबर कर दी है। अब विद्यार्थी 500 रुपये विलंब शुल्क के साथ पंजीकरण प्रक्रिया पूरी कर सकेंगे। यह सुविधा बोर्ड से संबद्ध सरकारी और निजी स्कूलों के विद्यार्थियों के लिए है।

**स्कूल प्रबंधन को समयसीमा के भीतर सभी विद्यार्थियों का पंजीकरण करवाना होगा**

बोर्ड ने पंजीकरण विवरण में त्रुटियों को ठीक करने के लिए भी अलग समय निर्धारित किया है। स्कूल 17 नवंबर से 25 नवंबर तक विद्यार्थियों के पंजीकरण रिकॉर्ड में निर्धारित सुधार कर सकेंगे। इस दौरान विद्यार्थी का नाम, माता-पिता के नाम, जन्मतिथि, लिंग, श्रेणी और वैकल्पिक विषयों से संबंधित गलतियों को नियमानुसार ठीक किया जा सकेगा।

बोर्ड की ओर से तिथि बढ़ाए जाने से उन विद्यार्थियों और स्कूलों को राहत मिलेगी, जो निर्धारित समय में पंजीकरण की प्रक्रिया पूरी नहीं कर पाए थे। स्कूल प्रबंधन को निर्देशित समयसीमा के भीतर सभी विद्यार्थियों का पंजीकरण सुनिश्चित करना होगा। साथ ही, रिकॉर्ड में किसी भी तरह की गलती से बचने के लिए विवरण की जांच करना भी जरूरी होगा।

विद्यार्थियों और अभिभावकों को सलाह दी गई है कि वे अपने स्कूल से संपर्क कर पंजीकरण की स्थिति की पुष्टि करें। अंतिम तिथि का इंतजार करने के बजाय समय रहते प्रक्रिया पूरी करना बेहतर रहेगा।

दिव्य हिमाचल E-Paper
देवभूमि का सर्वाधिक लोकप्रिय मीडिया

# शीतकालीन स्कूलों में वार्षिक परीक्षाएं पहली दिसंबर से प्रस्तावित

**धर्मशाला।** हिमाचल प्रदेश स्कूल शिक्षा बोर्ड ने शैक्षणिक सत्र 2026-27 के लिए तीसरी, पांचवीं और आठवीं नियमित कक्षाओं की वार्षिक परीक्षाएं पहली दिसंबर 2026 से आयोजित करने का प्रस्ताव रखा है। प्रदेश के मौसम और भौगोलिक परिस्थितियों को देखते हुए बोर्ड ने विषयवार प्रस्तावित डेटशीट तैयार कर ली है। जिससे सर्दियों के मौसम में छात्रों को किसी तरह की परेशानी का सामना न करना पड़े। बोर्ड द्वारा तैयार की गई इस प्रस्तावित तिथि-सूची को आवश्यक समीक्षा और अंतिम अनुमोदन के लिए स्कूल शिक्षा निदेशालय, शिमला भेज दिया गया है। निदेशालय से हरी झंडी मिलते ही आगे की तैयारियों के लिए सूचित कर दिया जाएगा।

Amar Ujala Dt: 22/10/2026

# तीसरी, पांचवीं और आठवीं की परीक्षाएं 1 दिसंबर से प्रस्तावित

**धर्मशाला।** हिमाचल प्रदेश के शीतकालीन अवकाश वाले स्कूलों में पढ़ने वाले तीसरी, पांचवीं और आठवीं कक्षा के विद्यार्थियों के लिए एक जरूरी खबर है। हिमाचल प्रदेश स्कूल शिक्षा बोर्ड ने शैक्षणिक सत्र 2026-27 के लिए इन तीनों नियमित कक्षाओं की वार्षिक परीक्षाएं 1 दिसंबर से आयोजित करने का प्रस्ताव रखा है।

प्रदेश के मौसम और भौगोलिक परिस्थितियों को देखते हुए बोर्ड ने विषयवार प्रस्तावित डेटशीट तैयार कर ली है, ताकि सर्दियों के मौसम में छात्रों को कोई परेशानी का सामना न करना पड़े। बोर्ड के अध्यक्ष डॉ. राजेश शर्मा ने बताया कि फिलहाल यह तिथियां प्रस्तावित हैं। बोर्ड द्वारा तैयार इस प्रस्तावित तिथि-सूची (डेटशीट) को आवश्यक समीक्षा और अंतिम अनुमोदन के लिए स्कूल शिक्षा निदेशालय, शिमला भेजा है। शिक्षा निदेशालय से जैसे ही इस प्रस्ताव पर मुहर लगेगी, वैसे ही बोर्ड द्वारा वार्षिक परीक्षाओं की अंतिम और आधिकारिक डेटशीट जारी कर दी जाएगी। इसके बाद ही परीक्षा संचालन से जुड़ी आगामी प्रक्रिया शुरू होगी।



**शीतकालीन अवकाश वाले स्कूलों के लिए तैयार प्रस्ताव भेजा शिक्षा निदेशालय को**

डॉ. शर्मा ने स्पष्ट किया कि हिमाचल प्रदेश की भौगोलिक विविधता और सर्दियों के दौरान मौसम की कठोर परिस्थितियों को ध्यान में रखते हुए परीक्षाओं का समय पूर्व निर्धारित करना बेहद आवश्यक है। ब्यूरो

# पुनर्मूल्यांकन का परिणाम घोषित

**मंडी।** सरदार पटेल विश्वविद्यालय मंडी ने यूजी एंड सेमेस्टर परीक्षाओं का मई-जून 2026 के री-इवैल्यूएशन (पुनर्मूल्यांकन) का दूसरा परिणाम घोषित कर दिया है। इसमें बीवॉक (आरएम), बीवॉक (एचएंडटी), बीएचएम, बीबीए, बीसीए, बीपीई, बीपीएड और पीजीडीसीए पाठ्यक्रमों के शेष विद्यार्थियों का परिणाम जारी किया गया है। इससे पहले विश्वविद्यालय ने 24 सितंबर को री-इवैल्यूएशन परिणाम को लेकर अधिसूचना जारी की थी।

विश्वविद्यालय के परीक्षा नियंत्रक डॉ. सुनील ठाकुर ने बताया कि विद्यार्थी विश्वविद्यालय की वेबसाइट पर उपलब्ध अपने परीक्षा पोर्टल के रिजल्ट टैब में परिणाम देख सकते हैं। परिणाम से संबंधित किसी भी तरह की जानकारी या विसंगति के लिए विद्यार्थी विश्वविद्यालय की परीक्षा शाखा से संपर्क कर सकते हैं। इसके अलावा ईमेल के माध्यम से भी अपनी समस्या भेज सकते हैं। संवाद

Dainik Jagran Dt. 22-10-2026

# परीक्षाएं पहली दिसंबर से करवाने का प्रस्ताव

जागरण संवाददाता, धर्मशाला : हिमाचल के शीतकालीन अवकाश वाले स्कूलों में तीसरी, पांचवीं और आठवीं कक्षा की वार्षिक परीक्षाएं एक दिसंबर से करवाने का प्रस्ताव है। हिमाचल प्रदेश स्कूल शिक्षा बोर्ड ने शैक्षणिक सत्र 2026-27 के लिए इन तीनों कक्षाओं की विषयवार प्रस्तावित डेटशीट तैयार कर ली है। इसे अंतिम मंजूरी के लिए स्कूल शिक्षा निदेशालय शिमला को भेजा है। निदेशालय की स्वीकृति मिलने के बाद बोर्ड आधिकारिक डेटशीट जारी करेगा। बोर्ड अध्यक्ष डा. राजेश शर्मा ने बताया कि फिलहाल परीक्षाओं की तिथियां प्रस्तावित हैं। डा. राजेश शर्मा ने बताया कि प्रदेश की भौगोलिक परिस्थितियों और सर्दियों में होने वाली बर्फबारी व कड़ाके की ठंड को देखते हुए परीक्षाओं का समय निर्धारित करने का प्रस्ताव तैयार किया गया है।

Apka faisla Dt.22/10/2026

# हिमाचल के शीतकालीन स्कूलों में तीसरी, पांचवीं और आठवीं की वार्षिक परीक्षाएं 1 दिसंबर से प्रस्तावित

**धर्मशाला,( आपका फैसला )।** हिमाचल प्रदेश के शीतकालीन अवकाश वाले स्कूलों में पढ़ने वाले तीसरी, पांचवीं और आठवीं कक्षा के विद्यार्थियों के लिए एक जरूरी खबर है। हिमाचल प्रदेश स्कूल शिक्षा बोर्ड ने शैक्षणिक

## शिक्षा बोर्ड ने तैयार की डेटशीट, अंतिम मंजूरी के लिए शिक्षा निदेशालय को भेजा प्रस्ताव

## मौसम के मद्देनजर लिया गया फैसला

सत्र 2026-27 के लिए इन तीनों नियमित कक्षाओं की वार्षिक परीक्षाएं 1 दिसंबर 2026 से आयोजित करने का प्रस्ताव रखा है। प्रदेश के मौसम और भौगोलिक परिस्थितियों को देखते हुए बोर्ड ने विषयवार प्रस्तावित डेटशीट तैयार कर ली है, ताकि सर्दियों के मौसम में छात्रों को किसी तरह की परेशानी का सामना न करना पड़े। हिमाचल प्रदेश स्कूल शिक्षा बोर्ड के अध्यक्ष डॉ. राजेश शर्मा ने इस संबंध में विस्तृत जानकारी देते हुए बताया कि फिलहाल यह तिथियां प्रस्तावित हैं। बोर्ड द्वारा तैयार की गई इस प्रस्तावित तिथि-सूची (डेटशीट) को आवश्यक समीक्षा और अंतिम अनुमोदन के लिए स्कूल शिक्षा निदेशालय, शिमला भेज दिया गया है। शिक्षा निदेशालय से जैसे ही इस प्रस्ताव पर मुहर लगेगी, वैसे ही बोर्ड द्वारा वार्षिक परीक्षाओं की



अंतिम और आधिकारिक डेटशीट जारी कर दी जाएगी। इसके बाद ही परीक्षा संचालन से जुड़ी आगामी प्रक्रिया शुरू होगी। डॉ. शर्मा ने स्पष्ट किया कि हिमाचल प्रदेश की भौगोलिक विविधता और सर्दियों के दौरान मौसम की कठोर परिस्थितियों (खासकर बर्फबारी और कड़ाके की ठंड) को ध्यान में रखते हुए परीक्षाओं का समय पूर्व निर्धारित करना बेहद आवश्यक है। इस कदम का मुख्य उद्देश्य यह सुनिश्चित करना है कि खराब मौसम के कारण विद्यार्थियों को परीक्षा केंद्रों तक पहुंचने में कोई असुविधा न हो और राज्य भर में परीक्षाओं का सुचारू व व्यवस्थित संचालन सफलतापूर्वक किया जा सके। निदेशालय से हरी झंडी मिलते ही स्कूलों और विद्यार्थियों को आगे की तैयारियों के लिए सूचित कर दिया जाएगा।

OCTOBER 22, THURSDAY HIMACHAL PRADESH

The Sunny Times

# HIMACHAL WINTER SCHOOLS SET TO KICK OFF BOARD EXAMS ON DECEMBER 1 TO BEAT THE FREEZE

*The Sunny Times | Dharamshala |*

Students across Himachal Pradesh's winter-closing schools may need to buckle down sooner than expected. The state school education board has proposed holding annual exams for Classes 3, 5, and 8 starting December 1, moving fast to wrap up testing before brutal Himalayan chills and heavy snowfall throw daily life out of gear. Board officials in Dharamshala have drawn up the tentative subject-wise datesheet and fired it off to the Directorate of School Education in Shimla for final clearance. While the schedule is not yet set in stone, Himachal Pradesh Board of School Education Chairman Dr. Rajesh Sharma confirmed that everything hinges on a swift green light from state authorities. The moment Shimla signs off, the definitive timetable will go live, setting exam logistics into immediate motion.

The rush comes down to simple geography. Winter in Himachal's higher reaches spares no one, turning roads icy, snapping transport links, and making the daily commute a punishing ordeal for young students. By locking in testing early, education chiefs aim to spare children the misery of navigating sub-zero conditions and treacherous snowdrifts just to reach their exam halls. Once the final nod arrives, schools and parents will have their marching orders to get exam-ready without delay.

